**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या–762**

**दिनांक 26.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**भारत द्वारा ग्लोबल साउथ की वकालत**

**762. डॉ. प्रदीप कुमार पाणिग्रहीः**

**श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रेः**

**श्री अनिल फिरोजियाः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः–

(क) ग्लोबल साउथ के हितों का समर्थन करने के लिए भारत द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं।

(ख) ग्लोबल साउथ के लिए प्रासंगिक मुद्दों की भारत द्वारा वकालत किए जाने से विकासशील और विकसित देशों पर क्या धारणा और प्रभाव पड़ा है;

(ग) वर्ष 2014 से भारत किन–किन नए बहुपक्षीय समूहों में शामिल हुआ है; और

(घ) वर्ष 2014 से भारत द्वारा शुरू की गई पहलों और उसके लाभ क्या हैं?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**

**(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)**

(क और ख) भारत हमेशा से ही साथी विकासशील देशों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और ग्लोबल साउथ के देशों के समग्र मानव–केंद्रित विकास के लिए रचनात्मक रूप से प्रयास करता रहा है। इस दृष्टि से, भारत सरकार ने कई कदम उठाए हैं जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

i. स्वास्थ्य, आवास, पर्यावरण और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवसंरचना के विकास से लेकर समुदाय से संबंधित परियोजनाओं तक की परियोजनाएं शुरू करके कनेक्टिविटी और आर्थिक रूप से अंतर–संपर्कों को बढ़ाना।

ii. भागीदार देशों को वित्तीय, बजटीय और मानवीय सहायता प्रदान करना ताकि उन्हें आर्थिक चुनौतियों को कम करने और संकट से उबरने में सहायता मिल सके।

iii. छात्रों और पेशेवरों को छात्रवृत्ति और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करके ग्लोबल साउथ के देशों में क्षमता संवर्धन और कौशल विकास में योगदान देना।

इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री के इस दृष्टिकोण के अनुरूप, कि भारत की जी–20 अध्यक्षता ग्लोबल साउथ में साथी भागीदारों के परामर्श से बनाई जाएगी, भारत ने 12–13 जनवरी 2023 को दो दिवसीय वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। भारत ने 17 नवंबर 2023 को द्वितीय वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। अपने जी20 अध्यक्षता के दौरान, भारत ने यह सुनिश्चित किया कि ग्लोबल साउथ की चिंताओं और प्राथमिकताओं को जी20 के विभिन्न बैठकों में उचित संज्ञान मिल सके , और सर्वाधिक उभरती हुई समकालीन वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने में इन्हे उचित रूप से शामिल किया जाए। 09–10 सितंबर 2023 को नई दिल्ली जी20 शिखर सम्मेलन में भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को जी20 में स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया जाना तथा जी20 सदस्य देशों द्वारा सर्वसम्मति से अपनाई गई जी20 नई दिल्ली नेताओं की घोषणा, ग्लोबल साउथ के लिए प्रासंगिक मुद्दों पर भारत की सिफ़ारिश के बारे में विकासशील और विकसित देशों पर धारणा और प्रभाव को दर्शाती है।

(ग) एवं (घ) भारत द्वारा सम्मिलित प्रमुख बहुपक्षीय समूहों तथा 2014 से शुरू की गई पहलों का ब्यौरा अनुलग्नक–I में दिया गया है।

भारत अपने समाज की मांगों और आकांक्षाओं से निर्देशित जन–केंद्रित विदेश नीति लागू करता है। भारत इन समूहों में शामिल हो गया है और इस प्रकार से पहल की है जिससे द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर भारत की भागीदारी और हितों को बढ़ावा मिले। इसके अलावा, ऐसी पहलों का उपयोग केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि सभी के लिए, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए शांति, सुरक्षा और समृद्धि की मांग के रूप में किया गया है। इन पहलों के माध्यम से किए गए समझौतों ने भारत को भागीदार देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने में सक्षम बनाया है और भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया है तथा बेहतर बहुपक्षवाद, शांति और सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, अंतरराष्ट्रीय अपराध, आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा आदि जैसे वैश्विक मुद्दों पर एजेंडा को आकार दिया है। ये पहलें अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा रोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन जैसे वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए विश्व में भारत के अनूठे समाधान भी प्रदान करती हैं।

**अनुबंध –I**

| **क्रम सं.** | **2014 से भारत द्वारा शामिल/शुरू किए गए बहुपक्षीय समूह** | **विवरण** |
|---|---|---|
| 1. | अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन | नवंबर 2015 में शुरू किया गया |
| 2. | मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था | भारत जून 2016 में शामिल हुआ |
| 3. | हेग आचार संहिता | भारत जून 2016 में शामिल हुआ |
| 4. | शंघाई सहयोग संगठन | भारत 2017 में सदस्य राष्ट्र के रूप में शामिल हुआ |
| 5. | अफ़गानिस्तान पर मॉस्को प्रारूप | 2017 में स्थापित |
| 6. | वासेनार व्यवस्था | भारत दिसंबर 2017 में शामिल हुआ |
| 7. | ऑस्ट्रेलिया समूह | भारत दिसंबर 2018 में शामिल हुआ |
| 8. | भारत– नॉर्डिक शिखर सम्मेलन | 2018 में पहला भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन |
| 9. | अफ़गानिस्तान पर क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता | 2018 में स्थापित |
| 10. | आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन | सितंबर 2019 में शुरू किया गया |
| 11. | उद्योग परिवर्तन पर नेतृत्व समूह | सितंबर 2019 में शुरू किया गया |
| 12. | अयेयावाडी – चाओ फ्राया–मेकांग आर्थिक सहयोग रणनीति | भारत 2019 में विकास भागीदार के रूप में शामिल हुआ |
| 13. | भारत–प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) | नवंबर 2019 में घोषित |
| 14. | हिंद महासागर आयोग | भारत मार्च 2020 में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुआ |
| 15. | क्वाड | मार्च 2021 में पहला वर्चुअल नेता शिखर सम्मेलन |
| 16. | भारत–फ्रांस–ऑस्ट्रेलिया त्रिपक्षीय सहयोग | पहली भारत–फ्रांस–ऑस्ट्रेलिया त्रिपक्षीय मंत्रिस्तरीय वार्ता 4 मई 2021 को आयोजित की गई। |
| 17. | आई2यू2 | आई2यू2 समूह की संकल्पना 18 अक्टूबर 2021 को आयोजित चार देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान की गई थी। |

| | | |
|---|---|---|
| 18. | फर्स्ट मूवर्स गठबंधन | भारत मई 2022 में शामिल हुआ |
| 19. | हिंद–प्रशांत आर्थिक ढांचा | मई 2022 में शुरू किया गया |
| 20. | इंडोनेशिया मलेशिया थाईलैंड ग्रोथ ट्राएंगल | भारत जुलाई 2022 में विकास भागीदार के रूप में शामिल हुआ |
| 21. | भारत–ऑस्ट्रेलिया–इंडोनेशिया त्रिपक्षीय सहयोग | भारत–ऑस्ट्रेलिया–इंडोनेशिया त्रिपक्षीय विदेश मंत्रियों की पहली बैठक सितंबर 2022 में हुई |
| 22. | मिशन लाइफ | अक्टूबर 2022 में शुरू किया गया |
| 23. | मैंग्रोव जलवायु गठबंधन | भारत 2022 में शामिल हुआ |
| 24. | अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष 2023 | भारत सरकार के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष घोषित किया। |
| 25. | वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन | जनवरी 2023 में पहला वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा |
| 26. | अफ़गानिस्तान पर भारत–मध्य एशिया संयुक्त कार्य समूह | मार्च 2023 में स्थापित |
| 27. | अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस | भारत द्वारा अप्रैल 2023 में शुरू किया गया |
| 28. | खनिज सुरक्षा सहभागिता | भारत जून 2023 में शामिल हुआ |
| 29. | आर्टेमिस अककोड्र्स | भारत जून 2023 में शामिल हुआ |
| 30. | वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन | सितंबर 2023 में शुरू किया गया |
| 31. | भारत–मध्य पूर्व–यूरोप आर्थिक गलियारा | घोषणा सितंबर 2023 में की गयी |
| 32. | कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर वैश्विक भागीदारी | भारत इसका संस्थापक सदस्य है और दिसंबर 2023 में जीपीएआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी की |
| 33. | जलवायु के लिए कृषि नवाचार मिशन | भारत दिसंबर 2023 में शामिल हुआ |
| 34. | वैश्विक हरित ऋण पहल | भारत दिसंबर 2023 में शामिल हुआ |
| 35. | ग्लोबल रिवर सिटीज़ एलायंस | भारत दिसंबर 2023 में शामिल हुआ |
| 36. | संयुक्त समुद्री बल | भारत 2023 में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल हुआ |

*****